श्रीमन्, श्री मसरूर जाफरी गोण्डा जनपद के निवासी थे । वर्ष 1980 के चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर वह इस सदन के सदस्य निर्वाचित हुए थे, बाद में वह हमारे दल में शामिल हो गये, दिनांक 18 जून, 1994 को उनका निधन हो गया । वर्ष 1948 में उनका जन्म हुआ था । साम्यवादी आन्दोलनों में कई बार जनसमस्याओं को लेकर सत्याग्रह करके वह जेल भी गये, उनके निधन से गोंडा जनपद में एक अच्छे समाजसेवी की कमी आई है । आपसे अनुरोध करूंगा कि उनके परिजनों को हमारी संवेदना भेजने की आप कृपा करें ।

श्री मोहन लाल जी का निधन 19 जून, 1994 को हो गया । उनका जन्म 1921 में जनपद हमीरपुर में हुआ था । वर्ष 1957, 1962, 1969, 1977 तथा 1980 के चुनावों में वह इस विधान सभा के सदस्य निर्वाचित होकर आये । दलितों और कमजोर वर्गों की सहायता करने में उनकी विशेष अभिरुचि थी । वह उपमंत्री भी रहे, उनके निधन से एक अच्छे सामाजिक क्षेत्र में आवाज उठाने वाले नेता की कमी आई है । आपसे अनुरोध है कि उनके परिजनों तक हमारी संवेदना भेजने की कृपा करें ।

श्री कैलाश प्रसाद की 19 जून, 1994 को बड़े ही क्रूर तरीके से हत्या कर दी गयी, आज वह हमारे बीच में नहीं हैं । गोरखपुर जनपद में 3 फरवरी, 1930 को उनका जन्म हुआ था । कृषकों और दलितों की सेवा में उनकी विशेष अभिरुचि थी । आपसे अनुरोध है कि उनके परिजनों तक भी हमारी संवेदना भेजने की कृपा करें ।

श्री राम भजन लाल जी का 21 जून, 1994 को निधन हुआ । वर्ष 1940 में उनका जन्म हुआ था । श्री राम भजन लाल जी 1952, 1962, 1980 एवं 1985 में इस सदन के सदस्य रहे । शायद में गलती से उनका जन्म 1940 बोल गया, वह काफी लम्बी उम्र के थे । वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी रहे, कृषि के क्षेत्र में उनकी विशेष अभिरुचि थी । आपसे अनुरोध है कि हमारी संवेदना उनके परिजनों तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री तुला राम जी का 27 जून, 1994 को निधन हो गया । 1 अक्टूबर, 1914 को लखना, जनपद इटावा में उनका जन्म हुआ था । 1952 के प्रथम विधान सभा में इस सदन के सदस्य रहे । इसके पश्चात् 1957, 62, 67 एवं 71 में लोक सभा के लिए निर्वाचित हुये । श्रीमन्, वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे । उन्होंने अध्यापन का कार्य भी किया । एक विद्वान और राष्ट्रीय आन्दोलन का सिपाही हम लोगों के बीच नहीं है । आपसे अनुरोध है कि उनके परिजनों तक हमारी और हमारे दल की संवेदना भेजने की कृपा करें ।

श्रीमन्, श्री दर्शन राम 20 जुलाई, 1994 को हम लोगों के बीच में नहीं रहे । जनपद बांदा में उनका जन्म हुआ था । 1952 में वह इस विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वह एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे । निश्चित रूप से जिन लोगों की त्याग, तपस्या से आज हम सभी लोग यहां पर इस हैसियत से बैठे हैं, उनका निधन ज्यादा कष्टदायी होता है । आपसे अनुरोध है कि उनके परिवार जनों तक भी हमारी और हमारे दल की शोक-संवेदना भेजने की कृपा करें ।

श्रीमन्, सुश्री उर्मिला अग्निहोत्री का निधन 22 जुलाई, 1994 को हो गया । 15 अगस्त, 1940 को एटा में उनका जन्म हुआ था । 1980 और 85 में इस विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई । वह एक वकील होने के साथ-साथ एक अच्छी सामाजिक कार्यकर्ता थी, कई संस्थाओं और संगठनों से वह जुड़ी हुई थी । उनके निधन से निश्चित रूप से एक अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता की कमी हुई है । आपसे अनुरोध है कि उनके परिवार जनों तक हमारी और हमारे दल की शोक-संवेदना भेजने की कृपा करें ।

श्रीमन्, श्री लटूरी सिंह जी 24 जून, 1994 को हम लोगों के बीच में नहीं रहे। 1927 को उनका जन्म एटा जनपद में हुआ था । 1967, 74, 80 और 1989 में वे इस विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । श्रीमन्, वह एक बहुत प्रभावशाली और प्रतिभावान व्यक्ति थे और हम सब लोगों से विशेष रूप से परिचित थे । उनके न रहने से एक बहुत ही बहादुर समाजवादी सिपाही की कमी आयी है । आपसे अनुरोध है कि उनके परिजनों को हमारी और हमारे दल की शोक-संवेदना भेजने की कृपा करें ।

श्रीमन्, श्री राजेन्द्र कुमार गर्ग बहुत अच्छे अधिवक्ता थे । उन्हें इस सदन में आने का मौका मिला । हम भी प्रथम बार 1974 में निर्वाचित हुए थे । उनकी बहस जो यहां विधान सभा में होती थी वह सीख लेने वाली होती थी और श्रीमन्, इतने उदार व्यक्ति थे कि कमजोर लोगों को अपने वकालत के पेशे में मुफ्त मदद करते थे । श्रीमन्, एक अच्छा समाजवादी विचारक भी अगर उनको कहा जाये तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी । वकील होते हुए भी अगर देश और समाज पर कोई संकट की बात आती थी तो उसमें वह बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे । हमारे व्यक्तिगत मित्रों में से भी थे । उनकी मृत्यु एक सड़क दुर्घटना में हो गयी, वह आज हमारे बीच में नहीं हैं । उनके कोई संतान नहीं है, सिर्फ उनकी पत्नी हैं । श्रीमन्, हमारी ओर से और हमारे दल की ओर से उनकी पत्नी या अन्य मित्रगण हों उन तक हार्दिक श्रद्धांजलि और संवेदना पहुंचाने की कृपा करें ।

श्रीमन्, श्री उमादत्त शर्मा का दिनांक 7 अगस्त, 1994 को निधन हुआ । इनका जन्म 16 जनवरी, 1914 को जनपद मेरठ में हुआ था । श्री शर्मा वर्ष 1969 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर कैण्ट क्षेत्र, जनपद मेरठ से निर्वाचित हुए थे । ये उन लोगों में से हैं जिन्होंने देश को आजादी दिलाने में अपनी जिन्दगी को लगाया, ये स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थे और सरकार में मंत्री भी रहे हैं । ऐसे लोगों के न रहने से निश्चित रूप से सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में एक बड़ा अभाव पैदा होता है । अतः अनुरोध है कि हमारे दल और सत्तापक्ष की तरफ से शोक संवेदनायें इनके परिवारजनों को भेजने की कृपा करें ।

नेता विरोधी दल (श्री कल्याण सिंह)–

श्रीमन्, जिन 16 दिवंगत आत्माओं के प्रति माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने शोकोद्गार व्यक्त किये हैं, उनके साथ अपने को और अपने दल को संबद्ध करता हूं । मान्यवर, किसी व्यक्ति का व्यक्तित्व और उसका नेतृत्व न तो एक दिन में बना

करता है और न ही एक दिन में विकसित हुआ करता है । व्यक्तित्व के निर्माण में और नेतृत्व के विकास में एक लम्बा रास्ता तय करना होता है । जनसेवा की, जनता की जिन्दगी से जुड़े हुए सवालों के प्रति संघर्ष करने की, तभी व्यक्तित्व में निखार आता है और नेतृत्व भी विकसित होता है और इसलिए जब इस प्रकार का व्यक्तित्व हमारे बीच से उठता है तो एक क्षति केवल एक परिवार विशेष की नहीं है, यह क्षति दल विशेष की नहीं है, बल्कि समूचे समाज की क्षति होती है, जिसकी भरपाई करना कई बार कठिन होता है और कई बार बहुत लम्बे समय के बाद उसकी भरपाई हो पाती है । यह बहुत ही गहरे दुःख की बात है कि आज एक नहीं बल्कि 16-16 ऐसे व्यक्तित्व हमारे बीच से उठ गये हैं, जो व्यक्तित्व के धनी थे, जिनके नेतृत्व में सामान्य जनता ही नहीं बल्कि सभी लोगों ने अपना विश्वास व्यक्त किया था । जनसेवा के माध्यम से उन्होंने औरों के सामने भी एक अच्छे उदाहरण प्रस्तुत किये थे । श्रीमन्, श्रीमती सुमुखी शर्मा, झांसी इस सम्मानित सदन की एक बार सदस्या निर्वाचित हुयीं । श्री कृष्ण स्वरूप वैश्य बदायूं इस सदन के चार बार सदस्य निर्वाचित हुए । श्री ओम प्रकाश, मुरादाबाद इस सम्मानित सदन के एक बार सदस्य निर्वाचित हुए ।

श्री छेदा लाल चौधरी, खीरी से छः बार सदन के सदस्य निर्वाचित हुए । श्री रघुवीर सिंह यादव, मैनपुरी से पांच बार इस सदन के सदस्य निर्वाचित हुए । श्री सईद अहमद अंसारी, हरिद्वार से तीन बार सदन के सदस्य निर्वाचित हुए । श्री मसरूर जाफरी उर्फ शबराज, गोंडा एक बार सदन के सदस्य निर्वाचित हुए । श्री मोहन लाल, हमीरपुर से पांच बार इस सदन के सदस्य निर्वाचित हुए । श्री कैलाश प्रसाद, गोरखपुर से दो बार चुने गये । श्री राम भजन लाल, खीरी इस सदन के चार बार सदस्य निर्वाचित हुये । श्री तुला राम, इटावा इस सदन के एक बार सदस्य निर्वाचित हुए और चार बार लोक सभा के लिए चुने गये । श्री दर्शन राम, बांदा से इस सदन के सदस्य एक बार रहे । सुश्री उर्मिला अग्निहोत्री, एटा से दो बार इस सम्मानित सदन की सदस्या निर्वाचित हुयीं । श्री लटूरी सिंह, एटा से चार बार इस सदन के सदस्य चुने गये । श्री आर0 के0 गर्ग, हरिद्वार से एक बार सदन के सदस्य निर्वाचित हुए । श्री उमादत्त शर्मा, मेरठ से एक बार सदन के सदस्य निर्वाचित हुए ।

ये सभी अपने क्षेत्रों में ही नहीं बल्कि व्यापक क्षेत्र में लोगों को नेतृत्व प्रदान करने वाली जानी-मानी हस्तियां रही हैं । विभिन्न प्रकार के कार्यक्षेत्रों में कार्य किया, चाहे शिक्षण संस्थाओं का काम हो, चाहे राजनैतिक माध्यम से समाज सेवा का काम हो । ऐसे माननीय सदस्य आज हमारे बीच नहीं रहे, जिन्होंने महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपने उत्तरदायित्वों का बहुत ही सफलतापूर्वक निर्वहन किया । आज इन 16 व्यक्तित्व के हमारे बीच से उठ जाने से हमें बहुत दुख है । मैं इसे पूरे प्रदेश की भारी क्षति मानता हूं । मैं अपनी ओर से अपने दल के की ओर से इन सभी 16 व्यक्तित्वों के के प्रति बहुत ही सम्मान से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और इन दिवंगत आत्माओं के शोकाकुल परिवारों को इस गहरे दुःख को सहने की शक्ति भगवान प्रदान करें । आपसे प्रार्थना है कि हमारे ये शोक-संवेदना के भाव उनके शोकाकुल परिवारों तक पहुंचाने का कष्ट करें ।

पंचायती राज मंत्री (श्री राम लखन वर्मा)–

मान्यवर, 16 व्यक्तित्व, जो आज हमारे बीच नहीं रहे, इनके निधन के संबंध में माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी द्वारा, माननीय नेता विरोधी दल द्वारा जो शोक संवेदनायें प्रकट की गयी हैं, उनसे मैं अपने को और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं। इन दिवंगत आत्माओं में श्रीमती सूर्यमुखी शर्मा, श्री कृष्ण स्वरूप वैश्य, श्री ओम प्रकाश, श्री छेदालाल चौधरी, श्री रघुबीर सिंह यादव, श्री सईद अहमद अंसारी, श्री मसरूर जाफरी उर्फ शबराज, श्री मोहन लाल, श्री कैलाश प्रसाद, श्री राम भजन लाल, श्री तुलाराम, श्री दर्शन राम, सुश्री उर्मिला अग्निहोत्री, श्री लटूरी सिंह, श्री आर0 के0 गर्ग, श्री उमादत्त शर्मा जी हैं। इन सभी लोगों ने समर्पित भाव से कहीं न कहीं समाज की सेवा की है। इन सभी लोगों को मैं अपनी ओर से और अपने दल की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे प्रार्थना करता हूं कि शोक संवेदना के ये भाव उनके शोकाकुल परिवारों तक पहुंचाने का कष्ट करें।

श्री प्रभाद तिवारी–

मान्यवर, जो 16 व्यक्तित्व आज हमारे बीच नहीं रहे, जिनके निधन के बारे में माननीय संसदीय कार्य मंत्री, नेता, भारतीय जनता पार्टी, नेता बहुजन समाजवादी पार्टी ने जो शोकोद्गार व्यक्त किए हैं, उनसे मैं अपने को और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं। मैं विशेष रूप से उल्लेख करना चाहूंगा श्रीमती सूर्य मुखी शर्मा जी के बारे में। इनके निधन से एक समाज सेवी महिला का अन्त हो गया। श्री कृष्ण स्वरूप वैश्य जी भी कई पदों पर आसीन रहे और मंत्री के रूप में भी रहे। मंत्री के रूप में वह एक व्यवहार कुशल व्यक्ति थे। श्री ओम प्रकाश जी भी इस सदन के सदस्य उन्होंने भी समाज की सेवा की। यद्यपि वह एक ही बार यहां पर चुनकर आये परन्तु उन्होंने अपने कार्यों से एक अमिट छाप छोड़ी। श्री छेदालाल चौधरी जी 1980 में हम लोगों के साथ थे। दलितों की सेवा के लिए वह समर्पित रहे, सम्पादक के रूप में उन्होंने कार्य किया, मंत्री के रूप में उन्होंने कार्य किया और साथ ही भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए भी उन्होंने कार्य किया। स्व0श्री रघुवीर सिंह यादव कई बार मैनपुरी से विधायक चुने गये उनको मैंने दो बार मंत्री के रूप में कार्य करते हुए देखा है। वह अत्यंत सीधे व सरल एवं विनम्र स्वभाव के अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। उनके निधन से मैनपुरी ने एक सच्चा समाजसेवी और हमारे दल ने महत्वपूर्ण साथी खो दिया है।

मान्यवर, श्री सईद अहमद अंसारी के निधन से सहारनपुर जिले ने एक सच्चा समाजसेवी खो दिया है उन्होंने सहारनपुर जनपद की उन्नति में बहुत योगदान दिया।

स्व0 श्री मसरूर जाफरी के निधन से विशेषरूप से गोंडा जनपद ने सच्चा समाज-सेवी खो दिया है और कम्युनिस्ट पार्टी को उनके निधन से गहरा आघात लगा है।

स्व0 श्री मोहन लाल जो हमारे साथी थे वह कई बार हमीरपुर जनपद के चरखारी से निर्वाचित होकर आये और यहां उप मंत्री के रूप में भी रहे वह अपने क्षेत्र के विकास में सदैव समर्पित रहे। उन्हें ज्योतिष विद्या का भी अच्छा ज्ञान था।

स्व0 श्री कैलाश प्रसाद जी की जिस प्रकार हत्या की गयी वह हम सभी के लिये अत्यन्त दु:ख की बात है । मेरा शासन से आग्रह है जो भी इसमें दोषी हो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाय ताकि उनके हत्यारों को सजा मिल सके ।

स्व0 श्री राम भजन लाल जी के निधन से जनपद लखीमपुर खीरी ने एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाज सेवी खो दिया है ।

स्व0 श्री तुलाराम जी के निधन से इटावा को अपूर्णीय क्षति हुई है और हमने एक सच्चा नेता खो दिया है । वह जीवन भर प्रदेश और गांवों की सेवा करते रहे ।

स्व0 श्री दशमि राम जी के निधन से बांदा ने एक लोकप्रिय नेता और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खो दिया है उन्होंने स्वतंत्रता की लड़ाई में बढ़-चढ़कर काम किया था ।

मान्यवर, माननीया उर्मिला अग्निहोत्री जी के निधन से हमें अत्यन्त दुख हुआ । उनके साथ हमें बहुत समय तक लगातार काम करने का अवसर मिला है । वह अत्यन्त सहृदय और मृदु स्वभाव की थी, वह साहसी और दृढ़ विचार की समाजसेवी थी । उन्होंने एडवोकेट के रूप में अपना कार्य प्रारम्भ किया । उनके निधन से हमने अपना सच्चा साथी खो दिया है ।

स्व0 श्री लटूरी सिंह जी के निधन से एटा जनपद की अपूर्णीय क्षति हुई और एक बहुत ही साहसी व्यक्ति का अन्त हुआ है । वह हमेशा अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित थे । उनको जब इलाहाबाद में हाईकोर्ट में गोली मारी गयी उस समय उन्होंने जिस साहस और धैर्य का परिचय दिया वह सदा याद रहेगा । वह अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण ही उस समय जिंदा रहे । मैं उस समय वहीं था उनको जिस हालत में अस्पताल ले गए वह उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति ही थी । वह मुझसे कहते थे कि मैं आपको हमेशा याद करूंगा आपने मुझे बचा लिया । उनके निधन से हमने एक घनिष्ठ मित्र खो दिया है ।

स्व0 श्री राजेन्द्र कुमार गर्ग एक उच्च कोटि के वकील थे । उनकी गिनती चोटी के वकीलों में की जाती है । वह गरीबों के हितैषी थे और सर्वोच्च न्यायालय में गरीबों और मजदूरों की वकालत वह नि:शुल्क करते थे । जहां कम्युनिस्ट पार्टी ने सच्चा साथी खो दिया है वहीं देश ने एक बहुत बड़ा संविधान का जानकार खो दिया है । उनके साथ इलाहाबाद हाई कोर्ट में काम करने का मुझे मौका मिला है वह दक्ष मेधावी और विलक्षण बुद्धि के व्यक्ति थे । उनके हृदय में मजदूरों के लिए दर्द था और जब कोई मजदूर उनके पास आता था तो वह नि:शुल्क उसकी पैरवी करते थे ।

स्व0 उमा दत्त शर्मा जी के निधन से मेरठ ने एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाजसेवी खो दिया है ।

इन सभी सम्मानित विभूतियों के प्रति जो उद्गार हमारे साथी माननीय संसदीय कार्य मंत्री, नेता विरोधी दल, माननीय राम लखन वर्मा जी ने व्यक्त किए हैं मैं उनके अपने और अपने दल को संबद्ध करता हूं और आपसे निवेदन है कि उनके शोक संतप्त परिवार तक हमारी संवेदना पहुंचाने का कष्ट करें ।

श्री किरन पाल सिंह–

माननीय अध्यक्ष जी, जिन भूतपूर्व सम्मानित सदस्यों के निधन पर जो शोकोद्गार माननीय संसदीय कार्य मंत्री, माननीय प्रतिपक्ष के नेता, माननीय नेता ब0स0पा0 और माननीय नेता कांग्रेस ने व्यक्त किए हैं उनसे मैं अपने को और अपने दल को संबद्ध करता हूं । मान्यवर, श्रीमती सूर्यमुखी शर्मा, श्री कृष्ण स्वरूप वैश्य, श्री ओमप्रकाश, श्री छेदा लाल चौधरी, श्री रघुवीर सिंह यादव, श्री सईद अहमद अंसारी, श्री मसरूर जाफरी उर्फ शबराज, श्री मोहन लाल, श्री कैलाश प्रसाद, श्री राम भजन लाल, श्री तुलाराम; श्री दर्शन राम, सुश्री उर्मिला अग्निहोत्री, श्री लटूरी सिंह, श्री राजेन्द्र कुमार दर्ग, श्री उमादत्त शर्मा जी इस विधान सभा के विभिन्न वर्षों में सदस्य रहे । मान्यवर, इनमें से अनेक सदस्यों के साथ मैंने वर्ष 1980 से आज तक काम किया और उनकी बहुत सी यादें मेरे साथ हैं । मान्यवर, इन सभी भूतपूर्व सदस्यों के निधन से मैं और मेरा दल दुखी है । मैं और मेरा दल आपसे आग्रह करता है कि मेरी और मेरे दल की तरफ से इन सभी दिवंगत आत्माओं को जो हमको छोड़कर चले गए हैं उनके शोकाकुल परिवार को और उनके नजदीकी लोगों को शोक संवेदनाएं पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री उदल–

मान्यवर, श्रीमती सूर्यमुखी शर्मा जी हमारे बीच में नहीं रहीं और दूसरे माननीय श्री कृष्ण स्वरूप वैश्य, जो मंत्री रह चुके थे बहुत ही सुशील, कर्मठ नेता थे और साथ ही मृदुभाषी थे जिनका अल्प आयु में निधन हो गया, जिनसे बहुत सी आशाएं थीं और वह भारतीय जनता पार्टी के गिने चुने देश के नेताओं में थे उनके निधन से भारतीय जनता पार्टी की अपार क्षति हुई है ।

मान्यवर, इसी तरह से ओम प्रकाश जी का निधन 12 मई, 1994 को हो गया । इसी तरह से श्री छेदा लाल जी का निधन 2 जून, 1994 को हो गया । मान्यवर, यह बहुत ही निष्ठावान थे । वह अनुसूचित जातियों एवं जन जातियों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे । उनके निधन से प्रदेश का बहुत नुकसान हुआ है ।

इसी तरह से श्री रघुवीर सिंह यादव, जो यहां मंत्री भी रह चुके थे, वह बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे और मुझे उनके साथ रहने का मौका मिला है । उनकी निधन से काफी क्षति हुई है ।

श्रीमन्, सईद अहमद अंसारी जी बहुत ही अच्छे इंसान थे । वह बहुत अच्छे वक्ता भी थे । उनके निधन से जनपद सहारनपुर की बहुत बड़ी क्षति हुई है ।

इसी तरह से श्री मसरूर जाफरी हमारी पार्टी के टिकट पर चुने गए थे वर्ष 1980 में और बहुत ही जल्दी उनका निधन हो गया । यह भी कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता थे ।

इसी तरह से श्री मोहन लाल जी जो जनपद हमीरपुर के रहने वाले थे और कई बार इस विधान सभा के सदस्य रहे । यह भी अच्छे लोगों में से थे और दलितों तथा पिछड़ों की सेवा में हमेशा ही तत्पर रहा करते थे । उनके भी निधन से बहुत बड़ी क्षति हुई है ।

स्वर्गीय कैलाश प्रसाद का भी निधन हो गया । यह एक कृषक और कृषि के साथ-साथ राजनीति से और सामाजिक कार्यों से भी जुड़े रहते थे, और हरिजनों और दलितों की सेवा में हमेशा ही लगे रहते थे । इनके निधन से श्रीमन्, गोरखपुर जनपद को बहुत बड़ी क्षति हुई है और एक समाजसेवी हमारे बीच से उठ गया ।

श्री राम भजन लाल भी बहुत अच्छे और मृदुभाषी और अच्छे कुशल नेताओं में से थे । श्रीमन्, इन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था और सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे । वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आज धीरे-धीरे हमारे बीच से उठते जा रहे हैं, यह हमारे लिए बड़े दुख और चिन्ता की बात है । उनके निधन से भी हमने बहुत बड़ा स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी खो दिया है ।

मान्यवर, तुलाराम जी का निधन 27 जून, 94 को हो गया । इस समय इनकी आयु लगभग 80 वर्ष की थी । यह औरैया, जनपद इटावा से कांग्रेस के टिकट पर दो-तीन बार विधान सभा के लिए चुने गए थे और वह लोक सभा के भी सदस्य रहे । इनके भी निधन से एक अच्छा कांग्रेसी नेता और समाजसेवी हमारे बीच से उठ गया और उनके निधन से हुई क्षति की पूर्ति नहीं हो सकती ।

दर्शन राम जी का भी देहान्त हो गया । वह जनपद बांदा के रहने वाले थे । यह सन् 1952 के प्रथम चुनाव में प्रथम बार इस सदन में चुनकर आये थे । स्वतंत्रता संग्राम में भी इन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था और गरीबों तथा दलित लोगों की भलाई के लिए हमेशा तत्पर रहा करते थे । वह अपने क्षेत्र में बहुत ही लोकप्रिय थे । उनके निधन से बांदा का बहुत बड़ा लोकप्रिय नेता हमने खो दिया है ।

इसी तरह से श्रीमती उर्मिला जी दो बार इस विधान सभा की सदस्या रही हैं । वह वकील भी थीं । वकालत का पेशा भी किया और कई संस्थाओं से इनका संबंध रहा है । यह कांग्रेस की एक अच्छी और कुशल कार्यकर्ता रही हैं । इन्होंने जनपद एटा और उसके आसपास के जिलों में अच्छा कार्य किया था । इनके निधन से कांग्रेस की और प्रदेश की एक अच्छी समाजसेविका हमारे बीच से उठ गयी, जिसकी पूर्ति नहीं हो सकती ।

लटूरी सिंह जी, जैसा कि प्रमोद तिवारी जी ने कहा, बहुत ही संघर्षशील व्यक्ति थे । वह हमेशा अपनी जिन्दगी को हाथों में लिए घूमा करते थे । उनकी अपने पिछड़ों के साथ चाहे जो बात रही हो, किन्तु निश्चित रूप से वह एक संघर्षशील और जुझारू नेता थे । वह हमारी विधान सभा के सदस्य रहे । उनके निधन से भी आज काफी क्षति हुई है । वह शिक्षा के और विकास के कार्यों के लिए तथा दीन दुखियों की सहायता में हमेशा तत्पर रहा करते थे । इसलिए उनके निधन से भी काफी क्षति हुई है ।

श्री राजेन्द्र कुमार गर्ग, जैसा कि प्रमोद जी ने कहा है, हमारे देश के जाने-माने संविधान के ज्ञाता थे । वह इस क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति के लोगों में से एक थे । वह हमारी पार्टी के सदस्य थे और सामाजिक कार्यों में उनकी बड़ी रुचि थी और हमारी पार्टी के टिकट पर ही चुने गए थे । मान्यवर, उनका दुखद अन्त रात में हुआ । वह एक सामाजिक कार्य से दिल्ली से सहारनपुर मारुती कार पर जा रहे थे ।

(समय 12 बजकर 30 मिनट पर)

मारुति गाड़ी सकरी सड़क पर जा रही थी । आगे की ओर से ट्रक आ रहा था । ट्रक से गाड़ी टकरा गयी और दो लोगों की श्री अतुल लहरी जो हमारी पार्टी से सम्बद्ध थे, उनकी और श्री आर0 के0 गर्ग की दुःखद मृत्यु हो गयी । गाड़ी में अंग छिन्न-भिन्न हो गए । काटकर निकाला गया, कोई पहचान नहीं सकता था । मैं समझता हूं कम्युनिस्ट पार्टी के नुकसान के साथ-साथ, देश के संविधान के जो ज्ञाता थे, उसकी भी क्षति हुई है । किसानों, मजदूरों और कर्मचारियों को भी क्षति हुई है जिनका निःशुल्क बिना पैसे लिए सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा लड़ते थे । मान्यवर, इनके निधन से एक अपूर्णनीय क्षति हुई है ।

श्रीमन्, श्री उमादत्त शर्मा जी के निधन से भी काफी बड़ी क्षति हुई है । वह डाक्टर थे, इन्हें आयुर्वेदाचार्य की उपाधि मिली थी । 1969 में कांग्रेस के टिकट पर मेरठ से चुनकर आए थे । कई बार जेल भी गए और हमारी राज्य सरकार में राज्य मंत्री भी रहे । वह हमारी जनता के दर्द को सुना करते थे । बहुत ही मृदुभाषी थे । जो भी लोग इनसे मिलने जाते उनसे वह विनम्रतापूर्वक इस प्रकार से मिलते थे कि अपनी एक छाप उनके ऊपर छोड़ देते । मान्यवर, इन सभी माननीय सदस्यों के बारे में जो शोकोद्गार माननीय संसदीय कार्य मंत्री, नेता विरोधी दल, माननीय प्रमोद तिवारी जी, माननीय राम लखन वर्मा जी और माननीय जनता दल के नेता ने व्यक्त किए हैं मैं उससे अपने और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं और आपसे निवेदन करता हूं कि हमारे दल की ओर से शोक संवेदनाएं इन भूतपूर्व माननीय सदस्यों के निधन पर उनके परिवारजनों तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री रामस्वरूप सिंह–

माननीय अध्यक्ष जी, सभी दलों के माननीय नेताओं ने जो शोकोद्गार व्यक्त किए हैं उससे अपने दल को सम्बद्ध करते हुए श्रीमती सूर्यमुखी शर्मा, श्री कृष्ण स्वरूप वैश्य, श्री ओम प्रकाश, श्री छेदालाल चौधरी, श्री रघुवीर सिंह यादव, श्री सईद अहमद अंसारी, श्री मसरूर जाफरी उर्फ शबराज, श्री मोहन लाल, श्री कैलाश प्रसाद, श्री राम भजन लाल, श्री तुला राम, श्री दर्शन राम, सुश्री उर्मिला अग्निहोत्री, श्री लटूरी सिंह, श्री आर0 के0 गर्ग व श्री उमा दत्त शर्मा इन सभी भूतपूर्व विधान सभा के सदस्यों की मृत्यु पर शोक प्रकट करता हूं और अपने तथा अपने दल की ओर से इन सभी के परिवारजनों तक अपनी शोक संवेदनाएं भिजवाने के लिए आपसे निवेदन करता हूं ।

श्री महबूब अली–

मान्यवर, भूतपूर्व विधान सभा के माननीय सदस्यों के निधन पर सदन में उपस्थित सभी पार्टियों के नेताओं ने जो विचार व्यक्त किए हैं, उनके विचारों से मैं अपने को संबद्ध करते हुए श्रीमती सूर्यमुखी शर्मा, श्री कृष्ण स्वरूप वैश्य, श्री ओम प्रकाश, श्री छेदा लाल चौधरी, श्री रघुवीर सिंह यादव, श्री सईद अहमद अंसारी, श्री मसरूर जाफरी उर्फ शहरोज, श्री मोहन लाल, श्री कैलाश प्रसाद, श्री राम भजन लाल, तुलाराम, दर्शन राम, सुश्री उर्मिला अग्निहोत्री, श्री लटूरी सिंह, श्री आर0 के0 शर्मा, श्री उमादत्त शर्मा, श्री अकबर अली खां इन सत्रह भूतपूर्व विधान सभा के सदस्यों के निधन पर जो हमारे नेताओं ने विचार रखे उनसे अपने तथा अपने दल को सम्बद्ध करते हुए आपसे प्रार्थना करता हूं कि हमारी शोक संवेदनाएं उनके शोकाकुल परिवार को भेजने की कृपा करें ।

श्री अध्यक्ष–

सर्व सम्मानित संसदीय कार्य मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा जी ने माननीय नेता प्रतिपक्ष ने, माननीय नेता कम्युनिस्ट पार्टी ने, माननीय नेता जनता दल ने माननीय नेता बहुजन समाजवादी पार्टी ने, माननीय नेता कांग्रेस पार्टी ने तथा अन्य नेताओं ने जो शोकोद्गार जो माननीय स्व0 सदस्य श्रीमती सूर्य मुखी शर्मा, श्री कृष्ण स्वरूप वैश्य, श्री ओम प्रकाश, श्री छेदालाल चौधरी, श्री रघुवीर सिंह यादव, श्री सईद अहमद अंसारी, श्री मसरूर जाफरी उर्फ शहरोज, श्री मोहन लाल, श्री कैलाश प्रसाद, श्री राम भजन लाल, श्री तुलाराम, श्री दर्शन राम, सुश्री उर्मिला अग्निहोत्री, श्री लटूरी सिंह, श्री आर0के0 शर्मा, श्री उमादत्त शर्मा प्रकट किए हैं मैं उनसे अपने को सम्बद्ध करता हूं । यह सभी 16 स्वर्गीय माननीय सदस्य इस सदन के सदस्य थे वह हमारे बीच नहीं हैं ।

इनमें से कुछ लोग एक बार और श्री छेदा लाल जी छः बार और स्वर्गीय रघुवीर सिंह यादव पांच बार ऐसे ही अन्य बहुत से माननीय सदस्य जो हमारे बीच नहीं हैं यह सदन का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और अपने जीवनकाल में इन्हें समाज सेवी के आधार पर इस माननीय सदन में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और इस सदन में रहकर इन्होंने अपने बुद्धि विवेक के सहारे बहुत से ऐसे विचार प्रस्तुत किए जिनसे शासन को नयी दिशा प्राप्त हुई और उनके आधार पर शासन चलाने में कुशलता प्राप्त हुई । यद्यपि यह माननीय सदस्य हमारे बीच नहीं हैं लेकिन इन्होंने जो सेवायें अपने जीवनकाल में की। इस देश समाज और प्रदेश को दी हैं, अपने अपने जनपदों को और क्षेत्रों को दी हैं वह सदैव अविस्मरणीय रहेंगी । उनकी सेवाओं से बहुत से दीन दुखी शोषित और पीड़ित लाभान्वित हुए । यही नहीं आगे आने वाली पीढ़ियां उनकी सेवाओं के लिए उन्हें याद करती रहेंगी । उनके जनपदों में, उनके क्षेत्रों में उनकी जयन्तियां मनाई जाती रहेंगी । जिन्होंने इतने आगे बढ़कर इस समाज की सेवा की है जनता भी उनका नाम उतने अधिक दिनों तक लेती रहेगी ।

उनके आदर्श, उनके विचार और उनकी कार्यशैली जो उन्होंने अपने पीछे छोड़ी है उससे हम सभी लोग और आने वाली पीढ़ी भी प्रेरणा लेती रहेगी । जो स्वर्गीय हमारे बीच में नहीं हैं लेकिन वह अब भी इस राजनीति के क्षितिज पर प्रकाश पुंज के रूप में इस

सबको प्रकाश देते रहेंगे । उनके विचार उनकी कार्यशैली और उनके आदर्श हमारे सदैव प्रेरणा देते रहेंगे । इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपने विचारों को और आप सभी माननीय नेताओं के विचारों के साथ उनके शोक संतप्त परिवार जन तक पहुंचाऊंगा । मैं ईश्वर से यह प्रार्थना करता हूं कि उनके शोक संतप्त परिवार को धैर्य धारण करने की क्षमता प्रदान करे और उनकी आत्मा को शाश्वत शांति प्रदान करे । अब हम दो मिनट का मौन ग्रहण कर ईश्वर से यही प्रार्थना करेंगे ।

(सभी सदस्य सदन में खड़े होकर दो मिनट का मौन रखा)

प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल श्री अकबर अली खान के निधन पर शोकोद्गार

लोक निर्माण तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)–

श्रीमन्, श्री अकबर अली खां भारतीय संस्कृति के धनी व्यक्ति थे । यह उत्तर प्रदेश के राज्यपाल भी रह चुके हैं । उनका निधन 27 अप्रैल, 1994 को हो गया । उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहकर उन्होंने उत्तर प्रदेश की सेवा की । इसके अलावा वह उड़ीसा के भी राज्यपाल रहे । स्वतंत्रता संग्राम के आन्दोलन में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा । श्रीमन्, इनका जन्म 17 नवम्बर, 1899 को हैदराबाद शहर में हुआ था । कानून और अन्य शिक्षा लन्दन से उन्होंने हासिल की थी । 1954 से 1972 तक वह राज्य सभा के सदस्य रहे और 1965 में राष्ट्रपति ने उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया था । उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ताओं में उनकी गिनती थी । आज उनके निधन से निश्चित रूप से गंगा जमुनी तहजीब के प्रतीक और महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, एक अच्छे अधिवक्ता का अभाव हुआ है । हम सब लोग उनके निधन से दुःखी हैं आपसे मेरा अनुरोध है कि हमारी ओर से और हमारे दल की ओर से शोक संवेदना उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

नेता विरोधी दल (श्री कल्याण सिंह)–

श्रीमन्, यह हम सब लोगों के लिए बहुत ही गहरे दुःख का विषय है कि आज उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल श्री अकबर अली खां, हमारे बीच में नहीं रहे । उनका जन्म 17 जनवरी, 1899 को हैदराबाद में हुआ था । एक बहुत ही लम्बा राजनीतिक जीवन उन्होंने लिया । कम ऐसे लोग होंगे जो 19 वर्ष तक राज्य सभा के सदस्य के रूप में देश की सेवा करते रहे हैं । 3 अप्रैल, 1954 से 2 अप्रैल, 1972 तक वह राज्य सभा के सदस्य रहे । 1965 में उनको राष्ट्रपति ने पद्मभूषण से अलंकृत किया उनकी सेवाओं के लिए । 14 नवम्बर, 1972 से 24 अक्टूबर, 1974 तक वह उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहे और उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के पद पर रहते हुए उत्तर प्रदेश की जनता की उन्होंने भारी सेवा की ।

वह बहुत ही मिलनसार, बहुत ही सुलझे व्यक्ति थे । "सर्व धर्म संभाव" के सिद्धान्त में वह विश्वास करते थे । सब प्रकार की संकीर्णताओं के ऊपर उठा हुआ उनका व्यक्तित्व था । आज उनके उठ जाने से देश का एक जुझार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हमने खो दिया है, एक कुशल अधिवक्ता और एक योग्य राजनीतिज्ञ हमने खो दिया है । मैं अपनी ओर से और अपने दल की ओर से उनकी दिवंगत आत्मा के प्रति बड़े सम्मान के

साथ अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे प्रार्थना करता हूं कि उनकी दिवंगत आत्मा शाश्वत शांति प्राप्त करे और ईश्वर उनके शोक संतप्त परिवार को इस गहरे दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे । श्रीमन्, आपसे मेरा निवेदन है कि मेरी तथा मेरे दल की ओर से शोकाकुल परिवार तक शोक संवेदना पहुंचाने का कष्ट करें ।

पंचायती राज मंत्री (श्री राम लखन वर्मा)–

मान्यवर, उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल श्री अकबर अली खां के प्रति माननीय संसदीय कार्य मंत्री, माननीय नेता विपक्ष तथा अन्य दलों के नेताओं ने जो शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं उनसे मैं अपने को और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं । श्रीमन्, उनका जन्म 17 नवम्बर, 1899 को हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश) में हुआ था । श्रीमन् उनकी शिक्षा बी0 एल0 आनर्स थी एवं इन्होंने कानून की शिक्षा लन्दन से ग्रहण की थी । श्रीमन्, यह बहुत अच्छे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे । इन्होंने देश की आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़ कर भाग लिया था । वर्ष 1972 से वर्ष 1974 तक उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहे उसके उपरान्त 1976 तक उड़ीसा के राज्यपाल रहे । वे 3 अप्रैल, 1954 से 2 अप्रैल, 1972 तक लगातार राज्य सभा के सदस्य रहे । श्रीमन्, उन्हें 1965 में पद्म भूषण सम्मान से अलंकृत किया गया । श्रीमन् सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि इसी देश के सबसे बड़े प्रदेश, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रह चुके हैं और श्रीमन् गंगा जमुनी संस्कृति वाले प्रदेश में बड़ी कुशलता से कार्य किया । उन्होंने अपने तौर तरीके से प्रदेश की सेवा की । उन्हें अपने देश से बहुत प्यार था । उनके निधन से देश ने एक अच्छा नेता, अधिवक्ता तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खो दिया है । मैं आपसे गुजारिश करता हूं कि मेरी तरफ से और मेरे दल की तरफ से शोक संवेदनाएं उनके परिवार तक भेजने की कृपा करें ।

श्री प्रमोद तिवारी–

मान्यवर, उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व प्रथम नागरिक राज्यपाल श्री अकबर अली खां के निधन पर माननीय संसदीय कार्य मंत्री नेता प्रतिपक्ष और माननीय नेता, बहुजन समाज पार्टी ने जो विचार व्यक्त किए हैं, उससे अपने को और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं । जैसा कि मान्यवर, उनके बारे में सभी जानते हैं कि वे मृदु भाषी कुशल शासक और जनता की सेवा के लिए समर्पित थे । शिक्षा प्राप्त करने के बाद सर्वोच्च न्यायालय में उन्होंने एक अधिवक्ता के रूप में कार्य किया और उसके बाद 3 अप्रैल, 1954 से 2 अप्रैल, 1972 तक लगातार राज्य सभा के सदस्य रहे और पूरे देश की सेवा की । मान्यवर, जब वह उत्तर प्रदेश में राज्यपाल थे तो राज भवन में जब भी कोई मिलता था वह उसकी सेवा करते थे । जनता से भी वह बड़ी सरलता से मिलते थे और उनकी कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास करते थे । मान्यवर, मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि मेरी तरफ से और मेरे दल की तरफ से और मेरे दल की तरफ से शोक संवेदनाएं उनके परिवार तक भेजने की कृपा करें ।

श्री किरन पाल सिंह–

मान्यवर, श्री अकबर अली खां, जो हमारे प्रदेश के राज्यपाल रहे हैं, उनके निधन पर जो शोक संवेदनाएं माननीय संसदीय कार्य मंत्री, माननीय नेता प्रतिपक्ष और माननीय

नेता ब0स0पा0 और माननीय नेता कांग्रेस पार्टी ने व्यक्त किए हैं । मैं और मेरा दल उनके विचारों से अपने को सम्बद्ध करता हूँ । माननीय श्री अकबर अली खां हिन्दुस्तान के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले लोगों की अग्रणी पंक्ति के व्यक्ति थे । उन्होंने विदेश में, लन्दन में कानून की शिक्षा प्राप्त की । उनका जन्म आन्ध्र प्रदेश के हैदराबाद में 17 नवम्बर, 1899 में हुआ था वह मान्यवर, लगातार 18 वर्ष तक राज्य सभा के सदस्य रहे उनकी सेवाओं के लिए, उन्हें देश और समाज के प्रति की गयी सेवाओं के लिए राष्ट्रपति द्वारा वर्ष 1965 में 'पद्म भूषण' सम्मान दिया गया । उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के रूप में 14 नवम्बर, 1972 से लेकर 24 अक्टूबर, 1974 तक सेवा की ।

मान्यवर, इस दौरान उन्होंने संविधान के अनुसार कार्य किया । उन्होंने प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार के मध्य एक बहुत अच्छी कड़ी के रूप में कार्य किया है । मान्यवर, श्री अकबर अली खां के बारे में कहा जा सकता है कि वह धर्म निरपेक्ष व्यक्ति थे । मान्यवर, उनके निधन से भारत वर्ष ने अपना सच्चा सपूत खो दिया है । स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, निष्ठावान नागरिक जन-जन की सेवा करने वाला राजनेता खो दिया है । उसके निधन से निश्चित रूप से हमारे देश में, राजनीति में कमी आयी है जिसको भरा जाना मुश्किल है । ऐसे व्यक्ति के निधन पर मैं और मेरा दल दुःखी है । मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप श्री अकबर अली खां के शोकाकुल परिवार तक मेरी और मेरे दल की तरफ से शोक संवेदना पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री उदल–

मान्यवर, श्री अकबर अली खां के निधन पर जो विचार माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने, माननीय नेता विरोधी दल तथा अन्य नेताओं ने व्यक्त किये हैं मैं उनके साथ अपने और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं । श्रीमन्, श्री अकबर अली खां महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे और स्वतंत्रता सेनानी की अगली पंक्ति के व्यक्ति थे । उन्होंने राज्य सभा में 54 से लेकर 72 तक लगातार देश की सेवा की इसीलिए उन्हें देश की सेवा के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया श्री खान उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ताओं में से थे और उत्तर प्रदेश के राज्यपाल जब वह थे तो मुझे भी इस सदन में रहने का मौका मिला था । बहुत ही नम्र स्वभाव के व्यक्ति, मिलनसार, मृदभाषी थे और उनका दरबार हमेशा लोगों के मिलने के लिए खुला रहता था । उनके निधन से सचमुच में एक महान स्वतंत्रता सेनानी एक कुशल अधिवक्ता और एक राजनेता तथा एक धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करने वाला व्यक्ति हमारे बीच से उठ गया । उनके निधन से बहुत बड़ी क्षति आज के वक्त में हुई है इसलिए मैं अपनी ओर से और अपने दल की ओर से उनके निधन पर शोक व्यक्त करता हूं और आपसे प्रार्थना करता हूं कि आप हमारी ओर से और हमारे दल की ओर से शोक संवेदना उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री राम स्वरूप सिंह–

माननीय अध्यक्ष जी, भूतपूर्व राज्यपाल श्री अकबर अली खां के देहावसान पर संसदीय कार्य मंत्री, विपक्ष के नेता, बसपा के नेता, कांग्रेस के नेता, जनता दल के नेता और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता के विचारों से अपने आपको सम्बद्ध करते हुए शोक

व्यक्त करता हूं । एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को हमने खो दिया है । उनकी याद राज्य सभा की सदस्यता के रूप में राज्यपाल के रूप में और वकील के रूप में की जाती रहेगी । उन्होंने जिस आदमी और ईमानदारी के साथ काम किया वह हमें याद आती रहेगी यहां के लोगों को याद आती रहेगी । इन शब्दों के साथ आपसे प्रार्थना करता हूं कि मेरे और मेरे दल की ओर से उनके परिवार को शोक संवेदना भेजने की कृपा करें ।

श्री महबूब अली–

श्रीमन्, अकबर अली खां की हैदराबाद के जन्म के साथ साथ हमारे प्रदेश के राज्यपाल रहे हैं । उनके निधन पर जो पूर्व में माननीय संसदीय कार्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष नेता बहुजन समाज पार्टी, नेता कांग्रेस पार्टी, नेता जनता दल, नेता मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और नेता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जो विचार रखे मैं उनसे अपने आपको सम्बद्ध करते हुए अल्लाह से दुआ करता हूं कि उनके परिवार में अमन खैर रखे और पूरे सदन की तरफ से फिर एक बार अल्लाह से यह दुआ करता हूं कि जिस तरह से उन्होंने हमारे प्रदेश के गवर्नर के रूप में कावादत की है उसी तरह से उनके परिवार का कोई भाई पैदा हो और मैं बाद में अपनी तरफ से अपने दल की तरफ से आपसे यह अर्ज करता हूं कि मेरी शोक संवेदना उनके परिवारजन तक, उनके शुभ चिन्तकों को भेजने का कष्ट करें।

श्री अध्यक्ष–

स्वर्गीय अकबर अली खां जी के प्रति जो शोकोद्गार सदन के संसदीय कार्य मंत्री श्री वर्मा जी ने, बहुजन समाज पार्टी के नेता माननीय श्री वर्मा जी ने, प्रतिपक्ष के नेता माननीय श्री कल्याण सिंह ने, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता माननीय तिवारी जी ने और जनता दल के नेता माननीय किरनपाल सिंह जी ने, कम्युनिस्ट पार्टी के नेता माननीय उदल जी ने और कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के नेता माननीय श्री राम स्वरूप जी ने नेता तथा जनता पार्टी के नेता माननीय श्री महबूब अली जी ने जो अपने विचार प्रकट किये हैं उनसे मैं अपने को सम्बद्ध करते हुए बड़े दुःख के साथ यह कह रहा हूं कि स्वर्गीय अकबर अली खां जैसे समाज सेवी, मृदुभाषी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हमारे बीच से धीरे-धीरे उठते चले जा रहे हैं, आगे आने वाली पीढ़ी में इस तरह के अनेक लोग पैदा हों, इसके लिये मैं ईश्वर से कामना करता हूं । यह कहना चाहूंगा कि यदि स्वर्गीय अकबर अली जी ने हमारे समाज सेवा और देश सेवा में अपना जीवन न खपाया होता तो फिर उनकी सेवाओं के लिये पद्म भूषण जैसा जो एवार्ड दिया गया और उससे जो विभूषित किया गया वह न किया जाता । हम सबका यह प्रयास होना चाहिये कि हम स्वर्गीय अकबर अली खां जी के कार्यों दर्शन और उनके बताये हुए जो मार्ग हैं जो रास्ते हैं उन पर चलें और उन जैसी ख्याति अर्जित करें इस समाज को एक नयी दिशा प्रदान करें । इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी संवेदना को आप सभी माननीय नेताओं की संवेदनाओं के साथ उनके दुखी परिवार जनों को पहुंचाऊंगा और साथ ही साथ ईश्वर से यह प्रार्थना भी कर रहा हूं कि उनके शोक संतप्त परिवार को धैर्य धारण करने की क्षमता प्रदान करें और स्वर्गीय आत्मा को शाश्वत शांति प्रदान करें । अब हम दो मिनट के लिए मौन खड़े होकर ईश्वर से प्रार्थना करेंगे ।

(सदन के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की)

सदन में पर्चा फेंकने की घटना की सूचना

अब मैं सदन को एक सूचना देना चाहता हूं । मार्शल, विधान सभा से प्राप्त सूचना के अनुसार आज दिनांक 19 अगस्त, 1994 को सदन के उपवेशन के दौरान जैसे ही "वन्दे मातरम्" का गायन समाप्त हुआ दर्शक दीर्घा नम्बर-4 की दूसरी पंक्ति में बैठे हुए दो दर्शकों ने पर्चा फेंककर तथा नारा लगाकर सदन के कार्य में व्यवधान डालने का प्रयास किया, जिसे दीर्घा में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा निष्फल कर दिया गया एवं उक्त दोनों दर्शकों को बल पूर्वक दर्शक दीर्घा से हटाकर पटल कार्यालय तक अभिरक्षा में लाया गया । उक्त दोनों व्यक्तियों ने पूंछतांछ के दौरान अपना नाम क्रमशः श्री मोहन पाठक पुत्र श्री हरगोविन्द पाठक, निवासी दंबल चौड़, हल्द्वानी, नैनीताल तथा श्री तरूण पन्त पुत्र श्री एस0सी0 पन्त, निवासी-छोटी मुखानी हल्द्वानी नैनीताल बताया है । दोनों व्यक्तियों के पास क्रमशः दर्शक दीर्घा के प्रथम पाली का प्रवेश-पत्र संख्या-7521 तथा 7526 प्राप्त हुआ जो श्री तिलकराज बेहड़ सदस्य, विधान सभा हल्द्वानी नैनीताल की संस्तुति पत्र पर जारी किया गया है ।

उक्त दोनों दर्शकों के इस आचरण से सदन के कार्य में बाधा उत्पन्न हुई । दोनों व्यक्ति अभी भी मार्शल विधान सभा की अभिरक्षा में हैं । अब मैं इस प्रकरण को सदन के सामने रखते हुए सदन की राय चाहूंगा कि इस प्रकरण पर सदन की क्या राय है?

श्री प्रमोद तिवारी–

मान्यवर, जो हो गया उसे भूल जायें । पूर्व परम्पराओं को ध्यान में रखते हुए, क्योंकि वे दुःखी थे और उन्होंने जो भी किया नौजवानी के जोश में किया, मेरी राय है कि उन्हें क्षमा कर दिया जाये और छोड़ दिया जाये ।

नेता विरोधी दल (श्री कल्याण सिंह)–

मान्यवर, जिन भी कारणों से, जिन परिस्थितियों से या नौजवानों के जोश में आकर किया, सदन की परम्परा के अनुसार मेरा आपसे यह अनुरोध है कि इस प्रकरण को यहीं समाप्त किया जाये । सदन की यह परम्परा भी रही है कि जब-जब ऐसे प्रकरण आये हैं पूरा सदन ऐसे लोगों को छोड़ दिया करता है इसलिए मेरा अनुरोध है कि इस प्रकरण को यहीं समाप्त किया जाये ।

श्री किरन पाल सिंह–

मान्यवर, जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो दर्शक दीर्घा नम्बर-4 में बैठे हुए दो दर्शकों ने नारे लगाये और पर्चे फेंके । इससे यह लगता है कि जो हमारे पर्वतीय क्षेत्रों में आंदोलन चल रहा है उसी भावना के तहत यह कार्य उन्होंने किया । सन् 80 से मैं इस विधान सभा का सदस्य रहा हूं और तब से मैं देख रहा हूं कि विभिन्न सत्रों में अपने रोष को व्यक्त करने के लिए लोग यहां पर आये हैं और पर्चे फेंके हैं । सदन की यह परम्परा रही है कि जब सदन उठता है उसके तुरन्त बाद ऐसे व्यक्तियों को छोड़ दिया जाता है । मेरा आपसे यह निवेदन है कि सदन के उठने के बाद उन्हें छोड़ दिया जाये और इस मामले में ज्यादा तूल न दिया जाये ।

श्री उदल–

मान्यवर, ऐसे प्रकरण इस माननीय सदन के इतिहास में बहुत बार आये हैं और हमेशा यही निर्णय लिया गया है कि इस तरह के प्रकरण को तुरन्त सदन उठने के बाद समाप्त कर दिया जाये। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं और सरकार से भी निवेदन करता हूं कि इस प्रकरण को यहीं समाप्त करना ही उचित होगा। आपसे भी मेरा निवेदन है कि आप इसको समाप्त करने की कृपा करें।

श्री राम स्वरूप सिंह–

मान्यवर, जो सदन की पुरानी परम्परायें हैं, उनको निभाते हुये सरकार से और आपसे अनुरोध है कि इन छात्रों को क्षमा किया जाय और सदन उठने के तुरन्त बाद रिहा कर दिया जाय।

श्री महबूब अली–

जैसे ही आज सदन चला, दर्शक दीर्घा से जो कुछ भी लड़कों द्वारा किया गया, उसके बारे में जो पूर्व में नेतागण कह चुके हैं, मैं भी उससे अपने को सम्बद्ध करते हुये आपसे प्रार्थना करता हूं कि उन्हें क्षमा कर दिया जाय।

लोक निर्माण तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)–

श्रीमन्, किसको किसने गुमराह किया, इसकी भी पहचान करनी पड़ेगी और उनकी भर्त्सना भी करनी पड़ेगी कि इस तरह राजनीतिक उद्देश्य के लिये नौजवानों को गुमराह करना कदापि उचित नहीं है। जहां तक हमारे माननीय कुछ नेताओं ने कहा कि यह परम्परा रही है सदन उठने के बाद छोड़ देने की, तो मैं बताना चाहता हूं कि कई बार जेल भी भेजा गया है..

श्री जगदम्बिका पाल–

जितनी देर मार्शल की अभिरक्षा में रहे हैं, उसे सजा मान लिया जाय।

श्री बेनी प्रसाद वर्मा–

मैं नेता विरोधी दल का सम्मान करता हूं और जिन लोगों ने इन नौजवानों को गुमराह किया, उनकी भर्त्सना करता हूं। नौजवानों का कोई दोष नहीं है, यही हमारा अनुरोध है।

श्री कल्याण सिंह–

गुमराह किया, मुख्य मंत्री जी के उत्तेजक बयान थे।

श्री अध्यक्ष–

मैंने इस प्रकरण पर माननीय नेता प्रतिपक्ष, माननीय नेता कांग्रेस दल, माननीय नेता जनता दल, दोनों कम्यूनिस्ट पार्टी के नेताओं, जनता पार्टी के नेता तथा माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी के विचार सुने और उन विचारों के आधार पर मैं निर्णय देता हूं कि उपरोक्त दोनों व्यक्तियों ने दर्शक दीर्घा से नारे लगाकर तथा पर्चे फेंककर सदन के कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया है, यह सदन की अवमानना का आधार बनता है। दोनों व्यक्ति इस समय मार्शल की अभिरक्षा में हैं। मेरे विचार से ऐसे

उच्छृंखल व्यक्तियों को महत्व देना समीचीन नहीं होगा। अतः यदि सदन सहमत हो तो आज के उपवेशन की समाप्ति तक दोनों व्यक्तियों को मार्शल की अभिरक्षा में रखा जाय, तत्पश्चात उन्हें रिहा कर दिया जाय।

(सदन ने सहमति व्यक्त की)

अब हम उठते हैं, 22-8-94 को पुनः मिलेंगे।

(इसके बाद सदन 1 बजकर 20 मिनट पर सोमवार 22 अगस्त, 1994 को दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :
19 अगस्त, 1994

प्रेम चन्द्र सक्सेना,
सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश।

उत्तर प्रदेश विधान सभा

पी0 एस0 यू0 पी0–एल0 196 वि0 सभा (309)–1995–813।